Australian Government

# राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति 2024-2034



## कार्य योजना 2024–2027

आईएसबीएन: 978-1-921647-46-8 (ऑनलाइन)
आईएसबीएन: 978-1-921647-29-1 (प्रिंट)

राष्ट्रीय देखभालकर्ता रणनीति 2024-2034 को क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 अंतर्राष्ट्रीय लाइसेंस के अधीन लाइसेंस प्राप्त है। लाइसेंस यूआरएल: https://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode


कृपया श्रेय दें: © राष्ट्रमंडल ऑस्ट्रेलिया (सामाजिक सेवाएँ विभाग) [2024]

**सूचना:**

- यदि आप इस दस्तावेज़ का डेरिवेटिव (इसके प्रयोग से कोई और दस्तावेज) बनाते हैं, तो सामाजिक सेवाएँ विभाग अनुरोध करता है कि आपके डेरिवेटिव पर निम्नलिखित सूचना दी जाए: ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल (सामाजिक सेवाएँ विभाग) के आंकड़ों पर आधारित।
- इस लाइसेंस या इस दस्तावेज़ के किसी अन्य उपयोग के संबंध में पूछताछ का स्वागत है।
  कृपया संपर्क करें: Branch Manager, Communication Services Branch,
  Department of Social Services. फ़ोन: 1300 653 227. ईमेल communication@dss.gov.au

**इस प्रकाशन में अन्य सामग्री या अधिकारों की पहचान करने वाली सूचना:**

- ऑस्ट्रेलियाई कॉमनवेल्थ कोर्ट ऑफ आर्म्स - क्रिएटिव कॉमन्स के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त नहीं, https://www.pmc.gov.au/honours-and-symbols/commonwealth-coat-arms देखें
- कुछ इमेजिस और तस्वीरें (जैसा कि चिह्नित हैं) – क्रिएटिव कॉमन्स के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त नहीं हैं।



## भूमि के प्रति अभिस्वीकृति

ऑस्ट्रेलिया सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों, तथा भूमि, जल, संस्कृति और समुदाय के साथ उनके निरंतर संबंध को अभिस्वीकृति देती है। हम अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं।

**सामग्री चेतावनी**

आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी पाठकों को सूचित किया जाता है कि इस दस्तावेज़ में मृत व्यक्तियों के चित्र हो सकते हैं।

# सहायता और समर्थन

कृपया ध्यान रखें कि इस दस्तावेज में पाठकों को व्यथित कर सकने वाली जानकारी शामिल है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं के अनुभवों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जानकारी शामिल है। यदि इस पत्र को पढ़ने के बाद आपको व्यथित करने वाली भावनाओं का सामना करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है, तो आपकी सहायता के लिए नि:शुल्क सेवाएँ उपलब्ध हैं।

## केयरर गेटवे

- टेलीफोन **1800 422 737**, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8बजे से शाम 5बजे तक, सहायता और सेवाओं के लिए।
- Carer Gateway पर जाएँ।

## Beyond Blue Support Service

- टेलीफोन करें: **1300 224 636**, 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन या ऑनलाइन चैट करें: 3बजे से 12बजे AEST, सप्ताह के 7 दिन या Beyond Blue पर जाएँ।

## Lifeline Crisis Support

- यदि आप व्यथित महसूस कर रहे/ही हैं, आपको परिस्थिति का सामना करने में कठिनाई हो रही है या आप आत्महत्या के बारे में सोच रहे/ही हैं, तो यह सहायता प्रदान करती है।
- संकटकालीन समर्थनकर्मी से फोन पर बात करें **13 11 14**, सप्ताह में 24 घंटे, 7 दिन।
- **0477 13 11 14** पर टेक्स्ट भेजें या सहायता के लिए 24/7 ऑनलाइन चैट करें। या Lifeline Crisis Support पर जाएँ।

## 1800RESPECT

- यौन उत्पीड़न या घरेलू और पारिवारिक हिंसा या दुर्व्यवहार से प्रभावित होने पर आपके लिए समर्थन।
- टेलीफोन करें: **1800 737 732**, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन, ऑनलाइन चैट करें: 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन या 1800RESPECT पर जाएँ।

## 13YARN

- सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित संकटकालीन समर्थन प्रदान करने वाली प्रथम राष्ट्र सेवा। कॉल करें: **13 92 76**, दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन या 13YARN पर जाएँ।

## QLife

- QLife ऑस्ट्रेलिया में गुमनाम और नि:शुल्क रूप से LGBTQIA+ सहकर्मी सहायता और रेफरल प्रदान करती है।
- कॉल करें: **1800 184 527**, प्रतिदिन दोपहर 3बजे से मध्यरात्रि तक खुला, या QLife - Support and Referrals पर जाएँ।

## Open Arms Veterans एवं Family Counselling

- किसी सेनानिवृत्त व्यक्ति के देखभालकर्ता के रूप में, या किसी ऐसे सेनानिवृत्त व्यक्ति के रूप में जो स्वयं एक देखभालकर्ता है, आप Open Arms से संपर्क करके पता लगा सकते/ती हैं कि आपके या आपके प्रियजनों के लिए क्या सहायता और सेवाएँ उपलब्ध हैं।
- कॉल करें: **1800 011 046** या Open Arms - Veterans & Families Counselling पर जाएँ।

## eheadspace

- eheadspace 12 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए राष्ट्रीय ऑनलाइन एवं फोन सहायता सेवा है।
  प्रतिदिन सुबह 9बजे - सुबह 1बजे AEST उपलब्ध।
- कॉल करें : **1800 650 890** या Online & phone support | headspace पर जाएँ।

# सामग्री


परिचय: परिवर्तन को उद्वेलित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता....... 6

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति, एक पृष्ठ में .......7

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का कार्यान्वयन....... 8

कार्य योजना: अवैतनिक देखभालकर्ताओं के जीवन में सुधार ....... 9

हम प्रगति को कैसे मापेंगे? ....... 17

परिशिष्ट .......19

परिशिष्ट 1: शब्दावली .......19





Champion

# परिचय: परिवर्तन को उद्वेलित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता

ऐसे समय में जबकि अवैतनिक देखभालकर्ताओं के अमूल्य योगदान को अक्सर मान्यता नहीं दी जाती है, परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति 2024-2034 (कार्यनीति) ऐसे समर्पित व्यक्तियों को मान्यता और समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे समुदायों में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता के संबंध में जाँच रिपोर्ट अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता, महत्व और समर्थन देना – ऑस्ट्रेलियाई संसद (aph.gov.au) की अनुशंसाओं के साथ अपने कार्यों को संरेखित करके हमारा लक्ष्य एक ऐसा मजबूत ढांचा तैयार करना है, जो न केवल उनके योगदान को मान्यता देता है बल्कि लक्षित पहलों और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से उन्हें सशक्त भी बनाता है।

यह कार्यनीति एक ऐसे परिवेश को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें देखभालकर्ता मूल्यवान, समर्थित और उन्नति करने में सक्षम महसूस करते हैं।

कार्यनीति और कार्य योजना 2024-2027, इन दोनों को पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में देखभालकर्ताओं और देखभालकर्ता सहायता सेक्टर के साथ परामर्श से विकसित किया गया है, जिसमें केयरर गेटवे सेवा प्रदाता और विविध पृष्ठभूमियों के देखभालकर्ताओं को सम्मिलित करने वाली राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति सलाहकार समिति (सलाहकार समिति) शामिल है।

ये दोनों दस्तावेज अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता देने के संबंध में प्रतिनिधि सभा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और जाँच के परिणामों से सूचित हैं। यह कार्य योजना जाँच की कई अनुशंसाओं का समर्थन करती है।

यह कार्यनीति पहले वर्ष में निम्नलिखित के लिए प्रतिबद्ध है:

- परिणाम ढांचा उपलब्ध कराना
- कार्य योजना जारी करना
- आरंभिक कार्यों के विकास और कार्यान्वयन के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करना।

इस योजना में रेखांकित कार्रवाइयाँ देखभालकर्ताओं के लिए शुरुआती सकारात्मक परिवर्तन को उद्वेलित करेंगी, सतत सुधार की आधारशिला बनाएँगी तथा कार्यनीति के दृष्टिकोण को साकार बनाने के लिए भविष्य में कार्यों का विकास और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगी।

आरंभिक कार्यों का यह समूह ऐसे कदम हैं, जिन्हें कम समय सीमा में विकसित और कार्यान्वित किया जा सकता है और जिनसे देखभालकर्ताओं पर तत्काल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जैसे केयरर गेटवे सेवा प्रस्ताव का निर्माण और इसकी औपचारिक समीक्षा। *देखभालकर्ता मान्यता अधिनियम 2010*. हम उन्नत डेटा और साक्ष्य संग्रह के अवसरों की खोज के माध्यम से देखभालकर्ता परिदृश्य को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास करेंगे। हम पूरे ऑस्ट्रेलियाई समुदाय में देखभालकर्ताओं और देखभाल करने वाली भूमिकाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाएँगे। हम कार्यबल में भागीदारी, शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसरों में सुधार के माध्यम से देखभालकर्ताओं को वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता देंगे।

देखभालकर्ता समुदाय के साथ मिलकर इस सह-अवरचना से सुनिश्चित होगा कि समर्थन और पहलें सही मायने में ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करेंगी। एक सतत देखभाल सलाहकार समिति कार्यनीति और कार्यों के विकास, कार्यान्वयन, निगरानी और समीक्षा की देखरेख करेगी।

# राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति, एक पृष्ठ में

## दृष्टिकोण

ऐसा ऑस्ट्रेलियाई समुदाय, जिसमें सभी देखभालकर्ताओं को मान्यता दी जाती है, उन्हें महत्व दिया जाता है, तथा उन्हें समाज में पूर्ण रूप से भाग लेने तथा अपनी देखभाल-संबंधी भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक समर्थन के साथ सशक्त बनाया जाता है।

## सिद्धांत

सह-अवरचित सिद्धांतों को ऑस्ट्रेलिया की सरकारी एजेंसियों में देखभालकर्ता-संबंधी और देखभालकर्ता-प्रभावित नीतियों, कार्यक्रमों और पहलों के समन्वय तथा वितरण का मार्गदर्शन करना चाहिए।

- **देखभालकर्ता-केंद्रित:** देखभालकर्ताओं के जीवंत अनुभव को देखभालकर्ताओं के लिए नीतियों, समर्थन और सेवाओं की सह-अवरचना व सह-उत्पादन में शामिल किया जाएगा। देखभालकर्ताओं के जीवंत अनुभव को आकलन प्रक्रियाओं में शामिल किया जाएगा।
- **साक्ष्य-सूचित:** देखभालकर्ता नीतियों, सहायता और सेवाओं को साक्ष्य के आधार पर सूचित किया जाएगा, और देखभालकर्ताओं द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए नवाचार का उपयोग किया जाएगा।
- **सुलभतायुक्त, समतामूलक और समावेशी:** देखभालकर्ता नीतियां, समर्थन और सेवाएँ समावेशी होंगी और देखभाल के सभी चरणों में देखभालकर्ताओं की आवश्यकताओं का उत्तर देने के लिए अनुकूलित होंगी, जिसमें देखभालकर्ताओं की विविधता को मान्यता और सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक सुरक्षा को मान्यता दी जाएगी।
- **व्यक्तिगत एजेंसी को समर्थन:** देखभालकर्ताओं के लिए नीतियों, समर्थनों और सेवाओं का डिज़ाइन उनके लिए अनुकूलित विकल्प उपलब्ध कराएगा।
- **पारदर्शी एवं जवाबदेह:** संघीय सरकार के विभाग कार्यनीति को क्रियान्वित करने में जवाबदेह होंगे तथा देखभालकर्ताओं को बेहतर ढंग से मान्यता और महत्व देने के लिए अपनी प्रक्रियाओं में पारदर्शी होंगे।

## उद्देश्य

उद्देश्य वे परिणाम हैं, जिन्हें हम देखभालकर्ताओं के लिए प्राप्त करना चाहते हैं।

- देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।
- देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।
- देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

## प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र ऐसे सेक्टर हैं, जिनमें हम कार्यनीति के दृष्टिकोण और उद्देश्यों को हासिल करने के लिए अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नोट: प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्रों को महत्वता के क्रम में क्रमांकित नहीं किया गया है।
इन्हें संदर्भित करने में आसानी के लिए क्रमांकित किया गया है।

1. सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा एक ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र उनकी पहचान करने में सहायता मिलती है।
2. देखभालकर्ता सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाओं और कार्यक्रमों की सुलभता हासिल कर सकते हैं।
3. यह सुनिश्चित करना कि देखभालकर्ता अपनी देखभाल-संबंधी भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कुशलताएँ विकसित करने में सक्षम हैं।
4. देखभालकर्ता रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण की सुलभता हासिल कर सकते हैं तथा इनमें शामिल हो सकते हैं, जिसमें उनकी आर्थिक सकुशलता में सुधार भी शामिल है।
5. देखभालकर्ताओं को अपने मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक सकुशलता के संरक्षण के लिए समर्थन सुलभ होते हैं।
6. देखभालकर्ताओं के बारे में साक्ष्य आधार तैयार करना, ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि देखभालकर्ता कौन हैं, उनकी विविधता क्या है, उनके अनुभव क्या हैं, उनके लिए क्या उपयोगी है और क्यों।

## अगले कदम

- **कार्रवाई** - अब तक के फीडबैक और परिवर्तन के सिद्धांत को शामिल करते हुए कार्य योजनाएँ विकसित की जाएँगी।
- **सफलता मापना** - एक निगरानी, साक्ष्य और आकलन दृष्टिकोण लागू किया जाएगा, जिसमें परिवर्तन का सिद्धांत, एक परिणाम ढांचा और एक निगरानी तथा आकलन ढांचा शामिल होगा।
- **सह-अवरचना** - देखभालकर्ताओं की आवाजें और दृष्टिकोण कार्यनीति के कार्यान्वयन, निरीक्षण तथा समीक्षा को सूचित व निर्देशित करेंगे, ताकि परिणाम प्राप्त करना और उद्देश्य हासिल करना सुनिश्चित हो सके।

# राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति का कार्यान्वयन

**राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (National Carer Strategy)**

**कार्य योजना 2024-2027**

**परिवर्तन का सिद्धांत**

**परिणाम ढांचा**

**आकलन ढांचा**

**देखभालकर्ताओं के लिए परिणामों में सुधार हेतु निरंतर कार्रवाई**

# कार्य योजना: अवैतनिक देखभालकर्ताओं के जीवन में सुधार

यह कार्य योजना कार्यनीति के विकास के दौरान एकत्र किए गए विचारों, परिप्रेक्ष्यों, विशेषज्ञ सलाह और साक्ष्यों पर आधारित है, जिसमें अवैतनिक देखभालकर्ता और देखभालकर्ता सहायता सेक्टर से प्राप्त जानकारी भी शामिल है।

इस कार्य योजना को विकसित करते समय सरकार ने देखभालकर्ताओं से उनके लिए महत्वपूर्ण बातें सुनी, तथा इस बात पर विचार किया कि कार्यनीति के पहले तीन वर्षों में क्या प्राप्त किया जा सकता है तथा उपलब्ध वित्पोषण तंत्र क्या है।

यह कार्य योजना समुचित सहायता सेवाओं के वितरण के माध्यम से देखभालकर्ताओं के कल्याण में सुधार लाने के आरंभिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

निम्नलिखित कार्यवाहियाँ सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं:

1. निम्नलिखित की समीक्षा और सुधार करके देखभालकर्ताओं की सकुशलता में सहायता करना:
    a. केयरर गेटवे के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली विशिष्ट सेवाएँ
    b. केयरर गेटवे की सुलभता और समावेशिता।
2. देखभालकर्ताओं की पहचान और मान्यता में सुधार करना।
3. देखभालकर्ता मान्यता अधिनियम 2010 को समकालीन बनाना।
4. यह सुनिश्चित करना कि देखभालकर्ताओं का जीवंत अनुभव निरंतर सुधार का मार्गदर्शन करता है।
5. आर्थिक संरक्षण प्राप्त करने के लिए देखभालकर्ताओं को समर्थन देना।
6. बेहतर डेटा दर्जीकरण के माध्यम से संपूर्ण देखभालकर्ता परिदृश्य को समझना।

अंतर-सरकारी सहयोग तथा देखभालकर्ताओं व देखभालकर्ता-सेक्टर के प्रतिनिधियों से प्राप्त निरंतर इनपुट के माध्यम से इस योजना में नियत किए गए कार्यों का क्रियान्वयन एक ठोस आधार प्रदान करेगा, जिसपर भविष्य की कार्य योजनाएँ निर्मित की जा सकेंगी।

कार्यवाहियाँ देखभालकर्ताओं और अन्य प्रासंगिक संगठनों और हितधारकों के साथ मिलकर तैयार की जाएंगी। अंतर को पाटने के राष्ट्रीय समझौते के तहत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रथम राष्ट्रों के लोगों के समक्ष आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कार्यवाही प्रथम राष्ट्रों के लोगों के साथ साझेदारी में तैयार की जाएगी, जैसे कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ताओं के लिए राहत देखभाल की सुलभता सुनिश्चित करना।



## **प्रतिबद्धता 1ए:** देखभालकर्ताओं की सकुशलता के लिए केयरर गेटवे के माध्यम से प्रदान की जाने वाली विशिष्ट सेवाओं की समीक्षा और सुधार करना

### हम क्या करेंगे?

**1.1** प्रतिवर्ष अतिरिक्त 10,000 सत्रों को वित्त-पोषित करके केयरर गेटवे के माध्यम से देखभालकर्ताओं के लिए फोन परामर्श सेवाओं की सुलभता बढ़ाना।

**1.2** केयरर गेटवे के माध्यम से उपलब्ध समर्थन और सेवाओं के घंटों को बढ़ाना तथा केयरर गेटवे प्रदाताओं के साथ मिलकर काम करके विस्तारित व्यावसायिक कार्यकाल के दौरान और उसके बाद देखभालकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं को परिष्कृत करना।

**1.3** देखभालकर्ता सेक्टर और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करना, ताकि यह पता लगाया जा सके कि परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन की सुलभता, गुणवत्ता और सीमा को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, जिसमें अन्य मुख्यधारा औरं संपूरक सेवाओं के लिए संपर्क और रेफरल भी शामिल हैं।

**1.4** Wदेखभालकर्ताओं, देखभालकर्ता सेक्टर और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर प्रासंगिक नीति और नियामक एजेंसियों के साथ साझेदारी में राहत व्यवस्थाओं की सुलभता में सुधार के लिए कार्यनीतियों की पहचान करना, जिसमें शामिल हैं:

- केयरर गेटवे के माध्यम से सीधे तथा एजेड केयर और एनडीआईएस के साथ साझेदारी में राहत व्यवस्थाओं की सुलभता में सुधार करना
- सेवा प्रणालियों में सफल लचीले और अनुकूलित राहत मॉडलों के वर्तमान मॉडलों की पहचान करना, जिनसे देखभालकर्ताओं को लाभ मिल सके
- यह सुनिश्चित करने के लिए विकल्पों की पहचान करना कि राहत व्यवस्थाएँ अनुकूलित और व्यक्तिगत हैं तथा देखभालकर्ता और देखभाल प्राप्तकर्ता, इन दोनों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।

**1.5** केयरर गेटवे के अंतर्गत वर्तमान सहकर्मी समर्थन व्यवस्थाओं का विस्तार करना तथा पूरक सहकर्मी समर्थन तंत्रों से जुड़ाव उपलब्ध कराना, जिसमें वैकल्पिक व्यवस्थाएं या ऐसे संगठनों के साथ साझेदारी व्यवस्थाएं शामिल हैं जिन्हें विशेष आबादियों के साथ व्यवहार में विशिष्ट विशेषज्ञता और अनुभव प्राप्त है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समरूप परिस्थितियों में देखभालकर्ता लोगों के साथ सुरक्षित परिवेश में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप जुड़ सकें।

**1.6** उपयुक्त और सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित व्यक्तिगत व ऑनलाइन प्रशिक्षण की पहचान करना, जो अवैतनिक देखभालकर्ताओं को अपनी देखभालकर्ता भूमिका निभाने में आवश्यक ज्ञान और कुशलताएँ विकसित करने में सहायता के लिए केयरर गेटवे के माध्यम से प्रदान किया जाएगा, जिसमें शामिल हैं:

- शारीरिक व्यवहार करना
- प्राथमिक चिकित्सा
- दवाइयों का प्रबंधन और घाव देखभाल
- आर्थिक साक्षरता
- मानसिक स्वास्थ्य प्राथमिक चिकित्सा और आत्महत्या हस्तक्षेप प्रशिक्षण मॉड्यूल्स।

**1.7** प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ताओं, CALD देखभालकर्ताओं, LGBTQIA+ देखभालकर्ताओं, दिव्याँग देखभालकर्ताओं, सेनानिवृत्त व्यक्तियों के देखभालकर्ताओं और युवा देखभालकर्ताओं के लिए बेहतर समर्थन उपलब्ध कराने पर शोध और सह-अवरचना के लिए संगत हितधारकों और देखभालकर्ता सेक्टर के साथ मिलकर काम करना, जोकि उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सके और सेवा परिणामों में सुधार ला सके।

## प्रतिबद्धता 1बी: देखभालकर्ताओं की सकुशलता के लिए केयरर गेटवे की सुलभता और समावेशिता की समीक्षा करना तथा उसमें सुधार लाना

### हम क्या करेंगे?

1.8 देखभालकर्ता क्षेत्र के साथ साझेदारी में, लक्षित समूहों और अन्य हितधारकों के संबंध में विशिष्ट विशेषज्ञता-प्राप्त हितधारक एक 'ब्लूप्रिंट' विकसित करने के लिए मौजूदा विशेषज्ञता से लाभ उठाकर विविधतापूर्ण समुदायों को उचित समर्थनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केयरर गेटवे के माध्यम से सभी सेवा प्रदाताओं की सांस्कृतिक क्षमता को संवृद्ध और उन्नत बना सकें। ब्लूप्रिंट में आरंभिक रूप से निम्नलिखित के संबंध में क्षमता उन्नयन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा:

- प्रथम राष्ट्रों के देखभालकर्ता
- सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण देखभालकर्ता
- दिव्याँग देखभालकर्ता
- LGBTQIA+ समुदायों के देखभालकर्ता।

1.9 विभिन्न सेवा प्रणालियों के साथ व्यवहार करने वाले देखभालकर्ताओं को बेहतर समर्थन प्रदान करने के लिए केयरर गेटवे द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली समझने-बूझने की क्षमता में सुधार के लिए विकल्पों को विकसित करने और उनका दायरा नियत करने तथा अनुशंसाएँ प्रस्तावित करने के लिए संगत हितधारकों का एक कार्य समूह स्थापित करना।

1.10 देखभालकर्ता सेक्टर और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करना:

- केयरर गेटवे के लिए मार्ग को बेहतर बनाने में सहायता के लिए सेवा प्रणाली के स्पर्श बिंदुओं और अंत:क्रियाओं की पहचान करना और उनका मानचित्रण करना
- केयरर गेटवे को बेहतर बनाने के लिए आगे के अवसरों की पहचान करना, जिनमें शामिल हैं:
  - भौगोलिक और जनसांख्यिकीय सुलभता
  - सांस्कृतिक सुलभता
  - इनटेक और आकलन प्रक्रिया
- इन सुधारों को लागू करने के लिए एक कार्यान्वयन योजना विकसित करना।

**प्रतिबद्धताएँ 1ए और 1बी, अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता के संबंध में जाँच की अनुशंसाओं 9, 10, 11, 13 और 14 के अनुरूप हैं।**

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

2 देखभालकर्ता सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाओं और कार्यक्रमों की सुलभता हासिल सकते हैं।

3 यह सुनिश्चित करना कि देखभालकर्ता अपनी देखभाल-संबंधी भूमिका को पूरा करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कुशलताएँ विकसित करने में सक्षम हैं।

5 देखभालकर्ताओं को ऐसे समर्थन सुलभ रहते हैं, जो उनके मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक सकुशलता का संरक्षण करते हैं

## प्रतिबद्धता 2: देखभालकर्ताओं की पहचान और मान्यता में सुधार

### हम क्या करेंगे?

**2.1** देखभालकर्ताओं और देखभाल करने वाली भूमिकाओं के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देने, देखभाल प्रदान करने से संबंधित कलंक को कम करने और केयरर गेटवे की सेवा प्रस्तुति के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए मौजूदा प्रयासों पर आधारित एक व्यापक संचार योजना को विकसित और कार्यान्वित करना।

**2.2** राष्ट्रमंडल तथा राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के साथ मिलकर काम करना, ताकि देखभालकर्ताओं की पहचान की जा सके तथा उन्हें अपनी देखभाल की भूमिका से संबंधित जानकारी प्रदान की जा सके, तथा चिकित्सा/स्वास्थ्य प्रणालियों और शिक्षा प्रणालियों में कार्यरत लोगों, जैसे जीपी, फार्मासिस्ट, अस्पताल संपर्क अधिकारी, शिक्षक और स्कूल परामर्शदाताओं के माध्यम से उपलब्ध सहायता प्रदान की जा सके।

**2.3** स्वास्थ्य सेक्टर के पेशेवरों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और संसाधनों में सुधार के तरीकों का पता लगाना, ताकि अवैतनिक देखभालकर्ताओं की बेहतर ढंग से पहचान की जा सके, उनकी विशेषज्ञता को मान्यता दी जा सके और उन्हें उचित सहायता प्रदान की जा सके।

**2.4** सरकार द्वारा वित्त-पोषित सेवा प्रणालियों के अंतर्गत देखभालकर्ताओं की पहचान को सुदृढ़ बनाने के तरीकों का पता लगाना।.

**2.5** अवैतनिक देखभालकर्ताओं की पहचान और मान्यता तथा समुदायों व सेवा प्रणालियों में उनकी देखभाल भूमिका की प्रकृति के लिए अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं की समीक्षा करना।

इस बात की पहचान करना कि इसे आस्ट्रेलियाई संदर्भ में किस प्रकार से क्रियान्वित किया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देखभालकर्ताओं की विशेषज्ञता और अनुभव को मान्यता मिलती है तथा देखभालकर्ताओं पर बार-बार अपनी परिस्थितियों को स्पष्ट करने का बोझ कम होता है।

**प्रतिबद्धता 2, अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता के संबंध में जाँच की अनुशंसाओं 12 और 22 के अनुरूप है।**

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

1 सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र उनकी पहचान करने में सहायता मिलती है।

2 देखभालकर्ता सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाओं और कार्यक्रमों की सुलभता हासिल सकते हैं।

4 देखभालकर्ता रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण की सुलभता हासिल कर सकते हैं तथा इनमें शामिल हो सकते हैं, जिसमें उनकी आर्थिक सकुशलता में सुधार भी शामिल है।

## **प्रतिबद्धता 3:** *देखभालकर्ता मान्यता अधिनियम 2010* **को समकालीन बनाना**

### हम क्या करेंगे?

**3.1** अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता के संबंध में प्रतिनिधि सभा की जाँच का उत्तर देना तथा *देखभालकर्ता मान्यता अधिनियम 2010* में प्रस्तावित संशोधनों पर परामर्श करना, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह अधिनियम समसामयिक है तथा ऑस्ट्रेलिया के देखभालकर्ताओं की विविधता को प्रतिबिंबित करता है।

**3.2** अन्य देखभालकर्ता-प्रासंगिक विधान और नीतिक्षेत्रों को पहचानने के लिए काम करना, जिन्हें अद्यतित/समरूपित किए जाने की आवश्यकता है।

**प्रतिबद्धता 3, अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता से संबंधित जाँच की अनुशंसाओं 1, 2, 3, 5, 6, 7 और 8 के अनुरूप है।**

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

**1** सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र उनकी पहचान करने में सहायता मिलती है।

**4** देखभालकर्ता रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण की सुलभता हासिल कर सकते हैं तथा इनमें शामिल हो सकते हैं, जिसमें उनकी आर्थिक सकुशलता में सुधार भी शामिल है।

## प्रतिबद्धता 4: यह सुनिश्चित करना कि देखभालकर्ताओं का जीवंत अनुभव निरंतर सुधार का मार्गदर्शन करता है

### हम क्या करेंगे?

**4.1** सरकार कार्य योजना के विकास और कार्यनीति के कार्यान्वयन पर सलाह देने और इसका निरीक्षण करने के लिए एक सतत देखभालकर्ता सलाहकार समिति की नियुक्ति करेगी, जिसमें कार्यनीति की निगरानी, आकलन और समीक्षा की देखरेख भी शामिल होगी। यह समिति:

- कार्यनीति की अवधि (10 वर्ष) और समीक्षावधि (2 वर्ष) के दौरान संचालित की जाएगी
- कार्यनीति के कार्यान्वयन में प्रगति, और इसके कार्यों व परिणामों की प्राप्ति पर मंत्री को एक वार्षिक रिपोर्ट प्रदान करेगी।
- देखभालकर्ता समूहों, जीवंत अनुभव और विशेषज्ञता की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य शामिल करेगी।
- अतिव्यापी रुचि के क्षेत्रों में माता/पिता एवं देखभालकर्ता संदर्भ समूह के साथ संलग्न होगी और इस समूह का संपूरक बनेगी, साथ ही यह अपने विशिष्ट अधिदेश को भी वितरित करेगी।

**प्रतिबद्धता 4, अवैतनिक देखभालकर्ताओं की मान्यता के संबंध में जाँच की अनुशंसाओं 13 और 16 के अनुरूप है।**

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

**1** सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र पहचान करने में सहायता मिलती है।

**2** देखभालकर्ता सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाओं और कार्यक्रमों की सुलभता हासिल सकते हैं।

**5** देखभालकर्ताओं को अपने मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक सकुशलता के संरक्षण के लिए समर्थन सुलभ होते हैं।

**6** देखभालकर्ताओं के बारे में साक्ष्य आधार तैयार करना, ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि देखभालकर्ता कौन हैं, उनकी विविधता क्या है, उनके अनुभव क्या हैं, उनके लिए क्या उपयोगी है और क्यों।

## प्रतिबद्धता 5: आर्थिक संरक्षण प्राप्त करने के लिए देखभालकर्ताओं को समर्थन देना।

### हम क्या करेंगे?

5.1 कार्यबल, शिक्षा और प्रशिक्षण भागीदारी व देखभालकर्ताओं के लिए रोजगार पहलों में सुधार के विकल्पों का पता लगाना, जिनमें शामिल हैं:

- देखभालकर्ता समावेशी कार्यस्थल पहल (सीआईडब्ल्यूआई) को 30 जून 2027 तक विस्तारित किया जा रहा है, साथ ही भविष्य में कार्यक्रम के लिए विकल्पों की खोज की जा रही है
- युवा देखभालकर्ता बर्सरी कार्यक्रम और युवा देखभालकर्ता नेटवर्क को 30 जून 2027 तक विस्तारित किया जाएगा तथा राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारों व युवा देखभालकर्ताओं के साथ परामर्श किया जाएगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवा देखभालकर्ताओं की शिक्षा और प्रशिक्षण में उन्हें सहायता देने के लिए भविष्य का कार्यक्रम कैसा हो सकता है।
- बंद किए जा रहे ट्राइस्टेट केयरर वोकेशनल आउटकम प्रोग्राम पायलट (टीसीवीओपी) के तहत प्रदान किए जाने वाले रोजगार-पूर्व प्रशिक्षण समर्थन को 2025-26 में केयरर गेटवे के माध्यम से जारी रखना और 1 जुलाई 2026 से प्रशिक्षण की सुलभता व रोजगार के लिए तैयार बनने में देखभालकर्ताओं को समर्थित करने वाले एक राष्ट्रीय मॉडल का विस्तार करना

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

देखभालकर्ताओं को अपनी देखभाल की भूमिका निभाते हुए एक संतोषजनक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

देखभालकर्ताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, सकुशलता और वित्तीय संरक्षण को समर्थित किया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

1 सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र पहचान करने में सहायता मिलती है।

2 देखभालकर्ता सही समय, सही स्थान और सही तरीके से सहायता, सेवाओं और कार्यक्रमों की सुलभता हासिल सकते हैं।

4 देखभालकर्ता रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण की सुलभता हासिल कर सकते हैं तथा इनमें शामिल हो सकते हैं, जिसमें उनकी आर्थिक सकुशलता में सुधार भी शामिल है।

## प्रतिबद्धता 6: बेहतर डेटा के माध्यम से संपूर्ण देखभालकर्ता परिदृश्य को समझना

### हम क्या करेंगे?

**6.1** संघीय, राज्य/राज्य-क्षेत्र, शैक्षणिक और गैर-सरकारी सेक्टरों द्वारा पूरे देश-भर में देखभालकर्ता संबंधी डेटा एकत्र करने की वर्तमान प्रणालियों का शोध तथा विश्लेषण करना और इन्हें समझने की प्रक्रिया शुरू करना।

**6.2** निर्णयात्मकता, नीति और कार्यक्रम विकास के लिए बेहतर रूप से नियमित सुसंगत डेटा संग्रहण हेतु योजना विकसित करना।

**6.3** डेटा संप्रभुता और डेटा प्रशासन को समुचित रूप से बरकरार रखने के लिए आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदायों व संगठनों के साथ साझेदारी में काम करना।

**प्रतिबद्धता 6, अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता देने के संबंध में जाँच की अनुशंसा 18 के अनुरूप है।**

### समर्थित उद्देश्य:

देखभालकर्ताओं की पहचान की जाती है, उन्हें मान्यता दी जाती है, उनका सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

### प्राथमिकता वाले परिणाम क्षेत्र

**1** सरकार, समुदाय और सेवाएँ देखभालकर्ताओं की पहचान करती हैं और उन्हें महत्व देती हैं, उनकी विशेषज्ञता और योगदान को मान्यता देती हैं, तथा ऐसा परिवेश बनाती हैं जिससे देखभालकर्ताओं को शीघ्रातिशीघ्र पहचान करने में सहायता मिलती है।

**6** देखभालकर्ताओं के बारे में साक्ष्य आधार तैयार करना, ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि देखभालकर्ता कौन हैं, उनकी विविधता क्या है, उनके अनुभव क्या हैं, उनके लिए क्या उपयोगी है और क्यों।

# हम प्रगति को कैसे मापेंगे?

## साक्ष्य ढांचा

डेटा, अनुसंधान और आकलन को संरेखित करने वाला एक मजबूत साक्ष्य ढांचा कार्यनीति के विकास, कार्यान्वयन और प्रभाविता का एक अभिन्न अंग है। यह साक्ष्य ढांचा ऑस्ट्रेलियाई पारिवारिक अध्ययन संस्थान (एआईएफएस) द्वारा विकसित किया जाएगा और इसमें निम्नलिखित शामिल होंगे:

- परिवर्तन का सिद्धांत
- परिणाम ढांचा
- निगरानी और आकलन ढांचा।

परिवर्तन का सिद्धांत परिवर्तन को सुगम बनाने तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यों, प्रक्रियाओं और स्थितियों की पहचान करने के माध्यम से कार्यक्रम स्वामियों को जवाबदेह बनाने तथा कार्यनीति में विश्वास व भरोसा निर्मित करने में सहायता दे सकता है।

एक परिणाम ढांचा प्रगति के संकेतकों और परिणाम उपाय नियत करेगा, ताकि कार्यनीति की प्रगति और प्रभाव का आकलन किया जा सके।

एक आकलन ढांचा विकसित किया जाएगा, जो यह रेखांकित करेगा कि हम कार्यनीति के लक्ष्य हासिल करने की दिशा में की गई कार्रवाइयों के प्रभाव को कैसे मापेंगे।

आकलन गतिविधियाँ मात्रात्मक (उदाहरण के लिए: देखभालकर्ताओं की श्रम शक्ति भागीदारी में परिवर्तन को मापना) और गुणात्मक (उदाहरण के लिए: देखभालकर्ताओं द्वारा अनुभव किए गए सकारात्मक परिवर्तनों का दस्तावेजीकरण करना), ये दोनों होंगी। आकलन रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगी।



## 2024-2027: परिवर्तन को उद्वेलित करना

इस आरंभिक कार्ययोजना को कार्यनीति के विकास के माध्यम से एकत्र किए गए पर्याप्त साक्ष्य आधार का उपयोग करके विकसित किया गया है।

## 2028-2034: जारी कार्रवाई

कार्यनीति के जीवनकाल में कार्यनीति के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने के लिए देखभालकर्ताओं, देखभालकर्ता सहायता सेक्टर और राष्ट्रमंडल सरकार के परामर्श से अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी।

## 2030-2031: मध्य-मार्ग समीक्षा

कार्यनीति की मध्य-मार्ग समीक्षा के माध्यम से आरंभ की गई कार्रवाइयों के असर, प्रभावशीलता और उपयुक्तता का आकलन किया जाएगा। इस समीक्षा में अन्य सामाजिक सुधारों के साथ संरेखण किए जाने पर भी विचार किया जाएगा, ताकि देखभालकर्ता समुदाय की बदलती हुई आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी बने रहने के लिए कार्यनीति के पुनर्संयोजन और पुनर्केंद्रीकरण का स्तर निर्धारित किया जा सके।

## 2035-2037: अंतिम आकलन

कार्यनीति की समीक्षा की जाएगी और कार्यनीति के जीवनकाल में की गए कार्रवाइयों के असर और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए उसका मूल्यांकन किया जाएगा। इस समीक्षा से उम्मीद की जाती है कि यह सरकार को सफलताओं और अंतरालों के संबंध में भविष्य के निवेश के क्षेत्रों तथा भविष्य की नीति और कार्यक्रमों में ध्यान केन्द्रित करने के लिए क्षेत्रों के बारे में अनुशंसाएँ दे।



# परिशिष्ट

## परिशिष्ट 1: शब्दावली

| अवधि | विवरण |
|---|---|
| **सुलभतायुक्त** | विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों, क्षमताओं, स्थानों और जनसांख्यिकी से आने वाले लोगों को समान जानकारी प्राप्त करने, समान व्यवहारों में शामिल होने तथा समान सेवाओं के समरूप प्रभावी और एकीकृत तरीके से उपयोग में समान आसानी के साथ आनंद उठाने का अवसर मिलता है। |
| **कार्य योजना** | अवैतनिक देखभालकर्ताओं को सहायता प्रदान करने के लिए 2024 से 2027 तक कार्यान्वित की जाने वाली कार्यनीतिक कार्रवाइयों का आरंभिक समूह। |
| **जागरुकता** | समुदाय में देखभालकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका, उनके सामने आने वाली चुनौतियों और उन्हें सहयोग देने के महत्व के बारे में सामुदायिक और व्यक्तिगत ज्ञान। |
| **कैल्ड** | सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण: इसका तात्पर्य विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले व्यक्तियों और समुदायों से है, जो विभिन्न भाषाएँ बोलते हैं। |
| **देखभालकर्ता-केंद्रित** | देखभालकर्ता-केंद्रित दृष्टिकोण का अर्थ है कि नीति या कार्यक्रम व्यक्तिगत देखभाल पर बल देते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि सेवाएँ प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट आवश्यकताओं व प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। यह सम्मान, स्वायत्तता और समग्र सकुशलता को बढ़ावा देता है, और साथ ही देखभालकर्ताओं को सम्मानजनक व प्रभावी देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक संसाधनों और प्रशिक्षण में समर्थन प्रदान करता है। |
| **केयरर गेटवे** | केयरर गेटवे ऑस्ट्रेलिया सरकार का एक कार्यक्रम है, जो देखभालकर्ताओं को निःशुल्क सेवाएँ और समर्थन प्रदान करता है। यदि परिवार का कोई सदस्य या मित्र किसी दिव्यांगता, चिकित्सीय समस्या या मानसिक रोग से ग्रस्त है अथवा अधिक आयु के कारण कमजोर है, तो यह सहायता कर सकता है। |
| **देखभालकर्ता परिदृश्य** | वह समग्र परिवेश और संदर्भ, जिसमें देखभालकर्ता कार्य करते हैं, और इसमें उनके लिए उपलब्ध नीतियाँ, सेवाएँ और सहायता प्रणालियाँ भी शामिल हैं। |
| **प्रतिबद्धता** | कुछ करने का वादा या दृढ़ निर्णय। |
| **परामर्श** | औपचारिक रूप से सलाह-मशविरा या चर्चा करने की क्रिया या प्रक्रिया। |
| **सहयोगात्मक प्रयास** | देखभालकर्ताओं को समर्थन देने में सामान्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कई पक्षों द्वारा मिलकर की जाने वाली संयुक्त पहलें। |
| **निरंतर सुधार** | फीडबैक और उभरती हुई आवश्यकताओं के आधार पर सेवाओं, प्रक्रियाओं और परिणामों को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास। |
| **डेटा कैप्चर** | देखभालकर्ताओं और उनके अनुभवों, आवश्यकताओं और सेवाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करने और रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया। |
| **डेटा प्रशासन** | स्वदेशी/प्रथम राष्ट्र डेटा प्रशासन स्वदेशी डेटा संप्रभुता का अधिनियमन है और उन तंत्रों को संदर्भित करता है, जो प्रथम राष्ट्रों के लोगों को इस बारे में निर्णय लेने में सहायता देते हैं कि डेटा का नियंत्रण, संग्रह, विश्लेषण, एक्सेस, स्टोरेज और उपयोग कैसे किया जाता है। |
| **डेटा संप्रभुता** | स्वदेशी/प्रथम राष्ट्र डेटा संप्रभुता स्वदेशी लोगों के अधिकारों की संयुक्त घोषणा में निहित है और यह व्यापक और नैतिक डेटा सामूहिकता के केंद्र में है, जो आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों द्वारा अपने डेटा को नियंत्रित करने के अधिकारों का समर्थन करता है, और इसमें डेटा का निर्माण, संग्रह व उपयोग भी शामिल है। |

| अवधि | विवरण |
|---|---|
| **सशक्त** | सशक्तीकरण का अर्थ है कि देखभालकर्ताओं को देखभाल और सहायता में सुधार के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्णय लेने और कार्रवाई करने की अनुमति दी जाए, जिससे उनकी प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया करने की क्षमता में वृद्धि हो पाए। |
| **साक्ष्य आधार** | साक्ष्य आधार से तात्पर्य उपलब्ध आंकड़ों और अनुसंधान के संग्रह से है, जो नीतियों को आकार देने और कार्यान्वित करने के लिए निर्णय ले पाने में मार्गदर्शन देता है। |
| **साक्ष्य ढांचा** | एक संरचित दृष्टिकोण, जो कार्यनीति के विकास और कार्यान्वयन के लिए डेटा, अनुसंधान और आकलन विधियों को संरेखित करता है। |
| **प्रथम राष्ट्र** | ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासी लोग, जिसमें आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी समुदाय शामिल हैं। |
| **लचीले और अनुकूलित राहत मॉडल** | देखभालकर्ता और देखभाल प्राप्तकर्ता दोनों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाए गए अनुकूलित राहत देखभाल विकल्प। |
| **कार्यान्वयन योजना** | एक कार्यनीतिक रूपरेखा, जिसमें समयसीमाओं और जिम्मेदारियों सहित यह बताया जाता है कि पहचान किए गए सुधारों को कैसे क्रियान्वित किया जाएगा। |
| **समावेशी** | संसाधनों, सहायता और अवसरों की समान सुलभता सुनिश्चित करने के माध्यम से सभी देखभालकर्ताओं के लिए समावेशी दृष्टिकोण। इसमें यह रूपरेखा दी जाती है कि विविध आवश्यकताओं और पृष्ठभूमियों को कैसे समायोजित किया जाए, तथा ऐसा परिवेश कैसे तैयार किया जाए, जिसमें प्रत्येक देखभालकर्ता सफल हो सके और प्रभावी रूप से अपना योगदान दे सके। |
| **जाँच** | यह संगठन के अंदर पड़तालों के प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश स्थापित करती है। यह सामयिक और सटीक ढंग से व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए पड़तालें प्रस्तुत करने, उनका अनुरेखण करने और उनका उत्तर देने की प्रक्रिया को परिभाषित करती है। यह पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखने के लिए जिम्मेदारियाँ, प्रतिक्रिया देने के समय और संचार विधियाँ निर्दिष्ट करती है। किसी विशेष मुद्दे पर औपचारिक जाँच या पड़ताल, जोकि इस मामले में अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता देने के बारे में है। |
| **एलजीबीटीक्यूआईए+** | यह समलिंगी, उभयलिंगी, पारलिंगी, क्वियर, अंतर्लिंगी, अलैंगिक और अन्य यौन या लिंग विविधता वाले लोगों को संदर्भित करता है। |
| **राष्ट्रीय देखभालकर्ता कार्यनीति (National Carer Strategy)** | एक रूपरेखा, जिसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया में अवैतनिक देखभालकर्ताओं को मान्यता, महत्व और समर्थन देना है। |
| **राष्ट्रीय देखभाल सलाहकार समिति** | विविध पृष्ठभूमियों से आने वाले अवैतनिक देखभालकर्ताओं का एक समूह, जो कार्यनीति के विकास में अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान करता है। |
| **नेविगेशन** | आवश्यकता की सेवाओं और संसाधनों को प्रभावी ढंग से खोजने और हासिल करने की प्रक्रिया या गतिविधि। |
| **परिणाम ढांचा** | कार्यनीति के अंतर्गत कार्रवाइयों की प्रभावशीलता और असर को मापने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण। |
| **परिणाम मापक** | कार्यनीति के वांछित लक्ष्य हासिल करने में इसकी प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए मात्रात्मक डेटा बिंदुओं का उपयोग किया जाता है। |
| **सहकर्मी के नेतृत्व में** | किसी इकाई, कार्यक्रम या सेवा को समुचित जीवंत अनुभव वाले व्यक्ति द्वारा वितरित या सुगम बनाया जाता है। कार्यनीति के संदर्भ में इसका तात्पर्य देखभालकर्ता-आधारित या जनसांख्यिकी-आधारित समर्थन से है। उदाहरण के लिए, LGBTQIA+ समर्थन समूह, जिसका नेतृत्व LGBTQIA+ समुदाय के किसी सदस्य द्वारा किया जाता है। एक अन्य उदाहरण एक सलाहकार समिति है, जिसमें प्रासंगिक अनुभव वाले लोग शामिल होते हैं। |

| अवधि | विवरण |
|---|---|
| **नीति** | देखभालकर्ताओं के सामने आने वाली आवश्यकताओं और चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया दिशानिर्देश या कार्यनीति। |
| **कार्यक्रम विकास** | डेटा-संचालित अंतर्दृष्टियों के आधार पर देखभालकर्ताओं को समर्थन देने के लिए पहलों और सेवाओं की रचना करने और उन्हें कियान्वित करने की प्रक्रिया। |
| **प्रगतिशील संकेतक** | ऐसे मेट्रिक्स, जो कार्यनीति में निहित विशिष्ट लक्ष्यों या परिणामों की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। |
| **गुणात्मक आकलन** | ऐसी आकलन पद्धतियाँ, जो व्यक्तिगत अनुभवों और परिवर्तनों को कैप्चर करने के लिए वर्णनात्मक डेटा पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जैसे देखभालकर्ताओं के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का दस्तावेजीकरण |
| **मात्रात्मक आकलन** | ऐसी आकलन विधियाँ, जिनमें परिणामों को मापने के लिए आंकिक डेटा शामिल होता है, जैसे देखभालकर्ताओं की श्रम शक्ति भागीदारी में परिवर्तन। |
| **मान्यता** | समुदाय किस प्रकार देखभालकर्ताओं के योगदान को स्वीकार करता है, तथा इसका उद्देश्य समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों को प्रेरित करना और उनकी सराहना करना है। |
| **राहत देखभाल** | राहत देखभाल अस्थायी राहत प्रदान करती है, जिससे देखभालकर्ताओं को आराम करने, तनाव का प्रबंधन करने, या व्यक्तिगत काम-काज करने के लिए अवकाश मिलता है। |
| **राहत व्यवस्थाएँ** | ऐसी अस्थायी देखभाल सेवाएँ, जो देखभालकर्ताओं को अवकाश की अनुमति देती हैं और साथ ही यह भी सुनिश्चित करती हैं कि उनसे देखभाल प्राप्त करने वालों को समर्थन मिलता रहे। |
| **सेवा परिणाम** | व्यक्ति-विशेषों को प्रदान की गई सेवाओं के परिणाम या असर, विशेष रूप से प्रभावशीलता और सेवा के संदर्भ में। |
| **सेवा प्रणाली स्पर्श बिंदु** | सेवा वितरण प्रणाली के अंतर्गत विशिष्ट अंत:क्रियाएँ या संपर्क बिंदु, जिनका अनुभव देखभालकर्ताओं और प्राप्तकर्ताओं जो होता है। |
| **हितधारक** | कार्यनीति के परिणामों में रुचि या निवेश रखने वाले व्यक्ति या संगठन, जिनमें देखभालकर्ता, सेवा प्रदाता और सलाहकार समितियाँ शामिल हैं। |
| **परिवर्तन का सिद्धांत** | इस बात का व्यापक स्पष्टीकरण कि वांछित परिवर्तन कैसे और क्यों होने की उम्मीद है, जिसमें आवश्यक कार्रवाइयों, प्रक्रियाओं और शर्तों का विवरण भी शामिल होता है। |
| **अनन्य आवश्यकताएँ** | यह देखभालकर्ता-विशेष की विशिष्ट आवश्यकताओं की पहचान करके उन्हें समायोजित करने के माध्यम से उनकी अनन्य आवश्यकताओं को संबोधित करता है। इसमें यह रूपरेखा दी जाती है कि प्रभावी सहायता और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए इन आवश्यकताओं की पहचान कैसे की जाए और उन्हें संबोधित कैसे किया जाए। इसका उद्देश्य प्रत्येक देखभालकर्ता की परिस्थितियों के अनुरूप उन्हें सहायता प्रदान करना है, जिससे गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने की उनकी क्षमता में वृद्धि हो सके। |
| **अवैतनिक देखभालकर्ता** | किसी अन्य व्यक्ति को व्यक्तिगत देखभाल, सहायता और सहयोग प्रदान करने वाला व्यक्ति, जिन्हें किसी दिव्यांगता, चिकित्सीय समस्या (लाइलाज या लंबे समय तक चलने वाली बीमारी समेत) या मानसिक रोग से ग्रस्त होने अथवा उनके कमजोर और वयोवृद्ध होने के कारण इसकी आवश्यकता है।<br>इस परिभाषा के अंतर्गत देखभालकर्ता भुगतान या देखभालकर्ता भत्ते जैसी आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले देखभालकर्ता शामिल हैं। |
| **सकुशलता** | देखभालकर्ताओं की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक सकुशलता का समर्थन करना। यह देखभालकर्ता को अपनी देखभाल-संबंधी जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत जीवन के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने में सहायता देती है, जिसका उद्देश्य तनाव को घटाना और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाना है। |
| **कार्यकारी समूह** | विशिष्ट कार्यों या परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गठित एक सहयोगी टीम। |

National
Carer
Strategy